SCAT NEWS
स्कैट समाचार

*The Latest Update on Whats Happening
Around Us In The World Of Satellite & Cable TV*

*सैटेलाइट और केबल टीवी की दुनिया में
हमारे चारों तरफ क्या हो रहा उसका नवीनतम अपडेट*

## MIB ASKS BARC TO INCLUDE CONNECTED TV VIEWERSHIP

The Ministry of Information & Broadcasting (MIB) has directed the Broadcast Audience Research Council (BARC) to integrate Connected TV (CTV) viewership data into its television audience measurement system.

Officials said that as more viewers access content through CTVs, the inclusion is crucial to ensure accurate audience representation. The move comes amid criticism of BARC's outdated methodologies and its failure to conduct a baseline survey for over seven years.

MIB's directive also coincides with BARC's upcoming registration renewal, signaling a possible regulatory push for modernization and greater transparency in TV audience measurement.

## ZEEL TO INVEST RS.15 CRORE IN IDEABAAZ TECH

Zee Entertainment Enterprises Ltd (ZEEL) has announced that its Board has approved an additional investment of Rs. 15 crore in Ideabaaz Tech Pvt. Ltd., a company engaged in media and entrepreneurship. Following the transaction, ZEEL will hold a 20% stake in the company on a fully diluted basis.

Ideabaaz Tech operates across three verticals — Show, Platform, and Exhibition — and focuses on empowering startups, especially in India's Tier 2 and Tier 3 cities. ZEEL said the investment aligns with its strategic objective to diversify business operations and strengthen synergies across the media and digital ecosystem.

## BLOOMBERG MEDIA PARTNERS WITH JIOTV

Bloomberg Media has announced a strategic content distribution partnership with JioTV, enabling Indian audiences to access Bloomberg TV+ and Bloomberg Originals via JioTV and JioTV+.

## बीएआरसी से कनेक्टेड टीवी दर्शक संख्या को शामिल करने का अनुरोध किया एमआईबी ने

सूचना व प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) को कनेक्टेड टीवी (सीटीवी) दर्शकों की संख्या के आंकड़ों को अपने टेलीविजन दर्शक मापन प्रणाली में एकीकृत करने का निर्देश दिया है।

अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे अधिक दर्शक सीटीवी के माध्यम से सामग्री तक पहुंच रहे हैं, सटिक दर्शक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए समावेशन महत्वपूर्ण है। यह कदम बार्क की पुरानी कार्यप्रणाली और सात वर्षों से अधिक समय से आधारभूत सर्वेक्षण आयोजित करने में विफलता की आलोचना के बीच आया है।

एमआईबी का यह निर्देश बार्क के आगामी पंजीकरण नवीनीकरण के साथ भी मेल खाता है जो जी टीवी दर्शकों की संख्या मापने में आधुनिकीकरण और अधिक पारदर्शिता के लिए संभावित नियामकीय पहल का संकेत देता है।

## आइडियाबाज में 15 करोड़ निवेश करेगा जेडईईएल

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईई एल) ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने मीडिया और उद्यमिता से जुड़ी कंपनी आइडियाबाज टेक प्राइवेट लिमिटेड में 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की मंजूरी दे दी है। इस लेन-देन के बाद जेडईईएल के पास कंपनी में पूरी तरह से 20% की हिस्सेदारी होगी।

आइडियाबाज टेक तीन क्षेत्रों - शो, प्लेटफॉर्म और प्रदर्शनी- में काम करता है और विशेषरूप से भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में स्टार्ट अप्स को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। जी एंटरटेनमेंट ने कहा कि यह निवेश व्यावसायिक कार्यों में विविधता लाने और मीडिया व डिजिटल पारिस्थितिकीतंत्र में तालमेल को मजबूत करने के उसके रणनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप है।

## ब्लूमबर्ग मीडिया ने जियो के साथ साझेदारी की

ब्लूमबर्ग मीडिया ने जियो टीवी के साथ रणनीतिक सामग्री वितरण साझेदारी की घोषणा की है, जिससे भारतीय दर्शक जियो टीवी और जियो टीवी प्लस के माध्यम से ब्लूमबर्ग टीवी प्लस और ब्लूमबर्ग ओरिजनल्स तक पहुंच सकेंगे।

Through this collaboration, over 500 million Jio users will gain access to Bloomberg's global business news and documentary content, including flagship programs such as The Asia Trade, Bloomberg Tech, and Insight with Haslinda Amin.

Roman Mackiewicz, CIO of Bloomberg Media, said, "India is one of the fastest-growing markets for Bloomberg Media, and we're excited to bring our trusted global business coverage to a wider digital audience through JioTV."

## NETWORK18 ACQUIRES FULL CONTROL OF NEWS18 LOKMAT

Network18 has taken full ownership of its Marathi news channel, News18 Lokmat, after acquiring the remaining 50% stake in IBN Lokmat News Pvt. Ltd. from Lokmat Media Pvt. Ltd. for Rs. 25 crore.

With this transaction, News18 Lokmat becomes a wholly owned subsidiary of Network18, strengthening the group's presence in the regional news market. The company said the acquisition will enhance operational integration and provide Marathi audiences with a more seamless experience across television and digital platforms.

## MTV TO SHUT DOWN FIVE MUSIC CHANNELS

MTV is set to discontinue five of its music channels - MTV Music, MTV 80s, MTV 90s, Club MTV, and MTV Live - by December 31, 2025. The decision marks the end of an era for the brand's legacy music channels that have run for nearly four decades.

Parent company Paramount announced the move as part of a global cost-optimization plan following its merger with Skydance Media. Reports suggest that similar channel closures are planned across Australia, Poland, France, and Brazil. However, MTV's India operations will remain unaffected, with MTV HD continuing to air reality and entertainment shows.■

इस सहयोग के माध्यम से 500 मिलियन से अधिक जियो उपयोगकर्ताओं को ब्लूमबर्ग के वैश्विक समाचार और डॉक्यूमेंट्री सामग्री तक पहुंच प्राप्त होगी, जिसमें द एशिया ट्रेड, ब्लूमबर्ग टेक और इनसाइट विद हसलिंडा अमीन जैसे प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं।

ब्लूमबर्ग मीडिया के सीईओ रोमन मैकविक्ज ने कहा 'भारत ब्लूमबर्ग मीडिया के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और हम जियोटीवी के माध्यम से अपने विश्वनीय वैश्विक व्यापार कवरेज को व्यापक डिजिटल दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं।

## न्यूज 18 लोकमत पर पूर्ण नियंत्रण हासिल किया नेटवर्क 18 ने

नेटवर्क 18 ने आईबीएन लोकमत न्यूज प्राइवेट लिमिटेड में शेष 50% हिस्सेदारी लोकमत मीडिया प्राइवेट लिमिटेड से 25 करोड़ रुपये में हासिल करने के बाद न्यूज 18 लोकमत का पूर्ण स्वामित्व अपने हाथ में ले लिया है।

इस लेन–देन के साथ न्यूज 18 लोकमत, नेटवर्क 18 की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गयी है, जिससे क्षेत्रीय समाचार बाजार में समूह की उपस्थिति मजबूत हुई है। कंपनी ने कहा है कि इस अधिग्रहण से परिचालन एकीकरण बेहतर होगा और मराठी दर्शकों को टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक बेहतर अनुभव मिलेगा।

## पांच म्यूजिक चैनलों को बंद करेगा एमटीवी

एमटीवी अपने पांच संगीत चैनल–एमटीवी म्यूजिक, एमटीवी 80, एमटीवी 90, क्लब एमटीवी और एमटीवी लाइव–31 दिसंबर 2025 से बंद करने वाला है। यह निर्णय ब्रांड के लगभग चार दशकों से चले आ रहे विरासत संगीत चैनलों के एक युग का अंत है।

मूल कंपनी पैरामाउंट ने स्काईडांस मीडिया के साथ विलय के बाद वैश्विक लागत अनुकूलन योजना के तहत इस कदम की घोषणा की है। रिपोर्टों से पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड, फ्रांस और ब्राजील में भी इसी तरह के चैनल के बंद करने की योजना है। हालांकि, एमटीवी का भारत परिचालन अप्रभावित रहेगा और एमटीवी एचडी रियलिटी और मनोरंजन शो प्रसारित करता रहेगा।■